30

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

---

**अधिसूचना**

अधि०सं० :– 3/अ०प्र०–8–01/2021 873 /पटना, दिनांक :– 2.5.23

श्री रामचन्द्र पासवान, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, ढ़ाका को निगरानी विभाग(अन्वेषण ब्यूरो) बिहार, पटना द्वारा दिनांक 15.06.2021 को घूस लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया और निगरानी थाना कांड संख्या–020/2021 दिनांक 14.06.2021 धारा–7(a)(c)/12 भ्र0नि0अधि0, 1988(संशोधित अधिनियम 2018) एवं धारा–120(B) भा0द0वि0 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजे जाने के कारण विभागीय अधिसूचना संख्या–1130 सह पठित ज्ञापांक–1131 दिनांक 18.08.2021 द्वारा दिनांक 15.06.2021 के प्रभाव से निलंबित किया गया।

2. श्री पासवान द्वारा जमानत पर दिनांक 04.02.2022 को जेल से रिहा होकर दिनांक 07.02.2022 को विभाग में योगदान समर्पित किया गया। श्री पासवान द्वारा समर्पित अभ्यावेदन पर विभाग द्वारा समीक्षोपरान्त योगदान की तिथि से योगदान स्वीकृत करते हुए योगदान की तिथि दिनांक 07.02.2022 के प्रभाव से विभागीय अधिसूचना संख्या–353 सह पठित ज्ञापांक–356 दिनांक 07.03.2022 द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 9(1)(क) एवं 9(1)(ग) के तहत पुनः निलंबित किया गया।

3. श्री पासवान के पत्रांक–0 दिनांक 01.12.2022 द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–10(1)(I) के अनुसार 75 प्रतिशत जीवन निर्वाह भत्ता भुगतान किये जाने संबंधित अभ्यावेदन विभाग को समर्पित किया गया। श्री पासवान द्वारा समर्पित अभ्यावेदन को विभागीय समीक्षोपरान्त निरस्त किया जाता है।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

28/4/2023.

(संजय दूबे)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 3/अ०प्र०–8–01/2021 874 /पटना/दिनांकः– 2.5.23

**प्रतिलिपिः**–अपर मुख्य सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग/निगरानी विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/योजना एवं विकास विभाग/ग्रामीण विकास विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/बिहार, पटना/जिला पदाधिकारी, मोतिहारी/विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/विशेष सचिव, स्थापना प्रभारी, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मोतिहारी/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, ढ़ाका/प्रशाखा पदाधिकारी–12/प्रशाखा पदाधिकारी–6, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं श्री रामचन्द्र पासवान तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, ढ़ाका सम्प्रति निलंबित अभियंता प्रमुख का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/4/2023.

विशेष सचिव

(SU) Phone-0612-2545191 Fax-0612-2545322, Website:- http//rwdbihnic.org, E-mail : secretaryrwdbihar@gmail.com , secy-reo-bih@nic.in

ज्ञापांक :– 3/अ०प्र०–8–01/2021 874 /पटना/दिनांकः– 2-5-23

**प्रतिलिपि** :– माननीय उप मुख्य(ग्रामीण कार्य) मंत्री के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को माननीय उप मुख्य(ग्रामीण कार्य) मंत्री के अवलोकनार्थ प्रेषित।

28/4/2023

विशेष सचिव

ज्ञापांक :– 3/अ०प्र०–8–01/2021 874 /पटना/दिनांकः– 2-5-23

**प्रतिलिपि** :– कोषागार पदाधिकारी, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना/ कोषागार पदाधिकारी, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/4/2023

विशेष सचिव

ज्ञापांक :– 3/अ०प्र०–8–01/2021 874 /पटना/दिनांकः– 2-5-23

**प्रतिलिपि** :– महालेखाकार(ले0 एवं ह0), बिहार, पटना, वीरचंद पटेल पथ, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त(वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/4/2023

विशेष सचिव

ज्ञापांक :– 3/अ०प्र०–8–01/2021 874 /पटना/दिनांकः– 2-5-23

**प्रतिलिपि** :– आई०टी० मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28/4/2023

विशेष सचिव